अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली के प्रमुख स
- सड़क चौड़ीकरण की राह
- कुक्कुट मेले में अमेरिक
- हवन पूजन के साथ राम

बरेली , सोमवार,3 नवंबर 2025

PAGE NO : 03 MIDDLE

# नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



एसआरएमएस रिद्धिमा में कथक नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। ●अमृत विचार

अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक प्रस्तुति महफिल ए अवध का आयोजन हुआ। इसमें कथक के गुरुओं और उनके विद्यार्थियों ने नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आरंभ पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज द्वारा रचित दरबारी तराना से हुआ। जिस पर कथक के विद्यार्थियों में नायरा, गौर्वी, ईशान्वी, अवनी, गौरिका, नितारा, करुण्य, अहाना, मीरा, रिद्म, नित्या अग्रवाल, नित्या जैन, वृंदा, अराध्या, गुरुनूर, राखी, आरजू, बबिता और मधुर ने अपने भावों को प्रदर्शित किया।

विद्यार्थियों ने रचित तोरी महफिल में और गीत फेरो न नजरिया के साथ

**● एसआरएमएस रिद्धिमा में महफिल ए अवध का आयोजन**

दरबार अवध और जहां ए खुसरो पर भी अपनी नृत्य प्रतिभा दिखाई। अहमद फराज की लिखित प्रसिद्ध गजल रंजिश ही सही दिल ही दुखाने के लिए को अपने भावों से कथक गुरु देवज्योति नस्कर और गुरु रियाश्री चटर्जी मंचित किया। गुरु अंशु शर्मा ने दरबार ए पेशकार पर दोनों गुरुओं के साथ संगत दी। संचालन आशीष कुमार ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ.रीता शर्मा मौजूद रहीं।